उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः– 05.11.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांकः- 05.11.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए ा गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।




जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।




पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक:- 05.11.2025

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण तथा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित...।

- पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 05.11.2025 को जनपद महोबा के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को महिला संबंधित समस्याओं/अपराधों के निस्तारण के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी प्रदान की गई, जिनमें शामिल हैं: वूमेन पॉवर लाइन – 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा – 112, एम्बुलेंस सेवा – 108, चाइल्ड लाइन – 1098, स्वास्थ्य सेवा – 102, महिला हेल्पलाइन – 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन – 1076, साइबर हेल्पलाइन – 1930
- कार्यक्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और अन्य कानूनी प्रावधानों के बारे में समझाया गया। इसके अतिरिक्त शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट वितरित किए गए।
- इस अवसर पर थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों की भूमिका और उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। इन केन्द्रों का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा, मार्गदर्शन और सशक्तिकरण में सहयोग प्रदान करना है।











## थाना खरेला की पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक 04.11.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला श्रीमती सुषमा चौधरी द्वारा गठित उ0नि0 राजकुमार मय हमराह का0 दीपक मौर्या के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त सलीम पुत्र रमजानी उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम पच्चू का डेरा थाना खरेला जनपद महोबा सम्बन्धित सीपी नम्बर 60/303/06 अ0सं0 92/05 धारा 193 भादवि0 में मा0 न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम पच्चू के डेरा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 राजकुमार
2. का0 दीपक मौर्या

**गिरफ्तार अभियुक्त –**

सलीम पुत्र रमजानी उम्र 47 वर्ष निवासी ग्राम पच्चू का डेरा थाना खरेला जनपद महोबा



## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना खरेला का किया गया औचक निरीक्षण, यातायात माह, साइबर जागरूकता व मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु दिये गये विस्तृत दिशा निर्देश।

आज दिनांक 05.11.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह द्वारा थाना खरेला का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर, अभिलेखों के रख-रखाव, कम्प्यूटर कक्ष एवं मालखाना का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया।

इस दौरान अभिलेखों को सुव्यवस्थित व अद्यतन रखने, कार्यालय परिसर की स्वच्छता बनाए रखने तथा फरियादियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को जनता के प्रति संवेदनशील, विनम्र एवं जिम्मेदार व्यवहार अपनाने तथा कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सतर्क रहने के निर्देश दिए।

### यातायात माह व साइबर जागरूकता कार्यक्रम पर विशेष जोर

- अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थानाध्यक्ष खरेला को निर्देशित किया गया कि प्रचलित मिशन 5.0 व साइबर जागरूकता अभियान के तहत थाना क्षेत्र के विद्यालयों/कॉलेजों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों एवं आमजन को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी दी जाए।
- साथ ही यातायात माह (Traffic Month) के तहत सड़क सुरक्षा, हेलमेट सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, यातायात नियमों के पालन संबंधी जनजागरूकता बढ़ाने हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

### रात्रि गश्त एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा-

- निरीक्षण के उपरांत अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा थाना क्षेत्र के प्रमुख कस्बों, बाजारों एवं मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।
- उन्होंने शीत ऋतु के दृष्टिगत प्रभावी नाइट पेट्रोलिंग सुनिश्चित करने, ड्यूटी प्वाइंट्स पर नियमित निगरानी रखने एवं किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:– 05.11.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

उत्तर प्रदेश पुलिस

## महोबा पुलिस का मानवीय चेहरा — गुमशुदा बालिका मेला से सकुशल बरामद

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा पुलिस द्वारा निरंतर सराहनीय एवं मानवीय कार्य किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में मेला गोवर्धन जू महाराज, चरखारी के दौरान ग्राम बसौठ, थाना खरेला निवासी सोनम पत्नी शिवचरण की लगभग 3 वर्षीय पुत्री अंकिता मेला स्थल पर गुम हो गई थी। सूचना प्राप्त होते ही मेला चौकी पुलिस द्वारा तत्परता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल खोजबीन प्रारम्भ की गई। पुलिस टीम के अथक प्रयासों से बालिका को सकुशल बरामद कर उसकी मां सोनम को सुपुर्द किया गया।

इस मानवीय कार्य में मेला चौकी प्रभारी उप निरीक्षक महेन्द्र कुमार वर्मा, उप निरीक्षक विशाल बाजपेई, महिला हेड कांस्टेबल कल्पना एवं महिला हेड कांस्टेबल सरोजनी गौतम का विशेष योगदान रहा।

जनपद महोबा पुलिस द्वारा ऐसे संवेदनशील व जनहितकारी कार्य निरंतर किए जा रहे हैं, जो “जनसेवा ही सर्वोत्तम सेवा” की भावना को सार्थक करते हैं।

